# RSKS In Media (2016)

## सार समाचार



## पोस्टर प्रतियोगिता

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्राम नूरियावास ष्ट्रीय पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर प्रतियोगिता जेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गांव में रैली निकालकर पौधारोपण किया गया। जिसमें संदीप शर्मा, रुद्दीन खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## हस्तकला स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ

अजमेर.(नेमीचंद तम्बोली): महिलाओं के कला विकास व सशक्तिकरण के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मांगलियावास में 2 माह के हैंडीक्राफ्ट स्वरोजगार प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को मांगलियावास सरपंच रामदेव ने किया। मुख्य अतिथि की ओर से इसमें प्रशिक्षण ले रही महिला-बालिकाओं को स्वरोजगार से आजीविका का विकास करने की अपील की। संस्था की तरफ से हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें म्यूजिकल चेयर, माइंड गेम, दौड़, प्रश्नोत्तरी, चम्मच रेस व अन्य खेल हुए। इसमें संस्थान के मास्टर ट्रेनर चन्दू गिरी, समन्वयक संदीप शर्मा, मांगलियावास के सरपंच, उपसरपंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड पंच सहित कस्बेवासी उपस्थित थे।

## महिला जागरूकता के लिए चलाया अभियान

अजमेर, (कासं): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने पुष्कर के अन्तर्राष्ट्रीय मेले में महिला हिंसा का उन्मूलन करने के लिए दो दिवसीय जागरूकता अभियान आयोजित किया। संस्था के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा के अनुसार अभियान के तहत दहेज प्रथा, बाल विवाह, महिला अधिकार, महिला हिंसा, महिला उत्पीड़न, मानवाधिकार आदि को लेकर 50 फीट के बैनर से अभियान चलाया गया।

## महिलाओं का शिक्षा पाठ्यक्रम संपन्न

अजमेर, (विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को ग्राम भांवता में आयोजित दो वर्षीय संक्षिप्त शिक्षा पाठ्यक्रम के समापन समारोह में भाग लेने वाली महिलाओं को अंक तालिका एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह में भारतीय रिजर्व बैंक के वित्तीय सलाहकार एके बोस मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र वितरित किए।

RNI No. RAJHIN/2013/49664
Postal Reg. No. RJ/AJ/160/2016-18



# महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान

**अजमेर।** विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला हिंसा के खिलाफ उन्मूलन अन्तर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जागरुकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें पुष्कर मेलार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा के अनुसार राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के कार्यकर्ताओं ने विगत 2 सप्ताह से "भारत में महिला हिंसा के खिलाफ जागरुकता अभियान" वृहद् स्तर पर सोशल मीडिया व जमीनी स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुष्कर मेले में दहेज प्रथान, बाल विवाह, महिला अधिकार महिला हिंसा व उत्पीडन, मानवाधिकार विषय पर मेले में भाग लेने आए मेलार्थियों को जागरुकता संदेश दिया। साथ ही देशी व विदेशी लोगों ने अभियान में सेल्फी के द्वारा सहयोग दिया। मेला ग्राउण्ड में आए मेलार्थियों व पशुपालकों को 50 फीट के बैनर द्वारा अभियान से अवगत कराया गया। मेले में 122 देशी-विदेशी मेलार्थी सेल्फी द्वारा महिला हिंसा रोकथाम अभियान का हिस्सा बने व अभियान का सहयोग दिया। 31 दिसम्बर तक संस्थान द्वारा अलग-अलग जगहों पर जागरुकता अभियान का आयोजन किया जाएगा।

## गरीब बच्चों संग मनाई दीपावली



**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने सार्थक दीपावली एक पहल के अंतर्गत अजय नगर लोहार बस्ती एवं ब्यावर रोड झुग्गी बस्ती में रहने वाले गरीब बच्चों के साथ रोशनी का त्यौहार दिवाली का जश्न मनाया। संस्था कार्यकर्ताओं ने एक छोटी सी पहल द्वारा बच्चों के जीवन में कुछ पल रोशनी के भरने की कोशिश की। इस कार्यक्रम में संस्थान कार्यकर्ता संदीप, पंकज, अजजरुदीन, नितिन, श्याम और दीपक ने अपनी सहभागिता निभाई।

## गरीब बच्चों के साथ मनाई दीपावली

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान ने सार्थक दीपावली एक पहल के अंतर्गत अजयनगर



लौहार बस्ती व ब्यावर रोड झुग्गी बस्ती में रहने वाले गरीब बच्चों के साथ दीपावली का त्यौहार मनाया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा ने बताया कि यहां रहने वाले गरीब बच्चों को मिठाई, कपड़े, खिलौने व पटाखे आदि वितरित किए गए। इस अवसर

## महिला सशक्तिकरण कार्यों का अवलोकन

**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण, शिक्षा व स्वरोजगार विकास के लिए चलाए जा रहे वित्तीय सामाजिक कार्यों का वाईल्ड लाइफ फोटोग्राफर जर्मनी निवासी मार्को एवं कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय पदाधिकारी श्रीमती विजय लक्ष्मी ने अवलोकन किया। सांसी बस्ती स्थित स्कूल ड्रॉपआउट वंचित समुदाय की बालिकाओं के लिए आयोजित तीन माह ब्यूटी पार्लर स्वरोजगार स्कूल का श्रीमती विजय लक्ष्मी ने दीप प्रज्जवलित एवं रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर हैदराबाद के डिजीपी बीएल मीना भी उपस्थित रहे।

राजस्थान संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अभियान महिला हिंसा समाप्ति कार्यक्रम में भी विजय लक्ष्मी ने हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर घरेलू हिंसा से पीड़ित सांसी बस्ती निवासी एक महिला का शिकायत पत्र रामगंज थाने में संस्थान समन्वयक के सहयोग से दिया गया। अजमेर नगर में झुग्गी बस्ती निवासी स्कूली शिक्षा से वंचित 21 बच्चों के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा शिक्षा विकास के लिए आयोजित पाठशाला का शुभारंभ जर्मनी निवासी मार्को एवं फ्रांस निवासी एलिस ने किया। इस अवसर पर संस्थान परियोजना अधिकारी पंकज शर्मा, समन्वयक संदीप व प्रशांत, प्रशिक्षु रेखा और कार्यकर्ता दीपक व नितिन उपस्थित रहे।





राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा लगाए गए राहत शिविर में मौजूद लोग।

# भूकम्प पीड़ितों के लिए लगाया राहत शिविर

कासं./नवज्योति, अजमेर

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के सदस्यों ने पांच दिन तक नेपाल में भूकम्प पीड़ितों के लिए राहत शिविर का आयोजन किया।

सीईओ दीपक शर्मा के अनुसार संस्थान के सदस्यों ने 26 से 30 जुलाई तक काठमांडू में अस्थाई कार्यालय लगाकर नेपाल के विभिन्न दूरस्थ गांवों में जाकर लोगों को कपड़ा, टेंट, कम्बल, सोलर लाइट, मच्छरदानी वितरित कीं। इस अवसर पर अनिल जांगिड़, पंकज शर्मा, दिलीप कुमार भी उपस्थित थे।

# नेपाल भूकंप पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री

अजमेर, (विनीत लोहिया): नेपाल में विगत 25 अप्रैल को आए विनाशकारी भूकंप से पीड़ित हजारों लोगों को शहर की विभिन्न संस्थाओं से जुड़े कार्यकर्ताओं ने वहां पहुंच राहत सामग्री बांटने का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में नेपाल के विभिन्न स्थानों पर जाकर सैकड़ों लोगों को राहत सामग्री बांटी। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि विगत 26 से 30 जुलाई तक नेपाल के पंचखाल व जीवनपुर जिला घाधिंग में पांच दिवसीय राहत शिविर लगाया गया। इसके अंतर्गत पंचखाल गांव में 119 व जीवनपुर



भूकंप पीड़ित नेपाली परिवार को सामग्री वितरित करते राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के सदस्य।

गांव में 155 भूकंप पीड़ित परिवारों को मच्छरदानी, कपड़े, कंबल, टेंट, सोलर लाइट, अनाज, चावल, दाल- आटा एवं अन्य सामग्रियों के पैकेट तथा नन्हें बच्चों को स्टेशनरी किट वितरित किए। उन्होंने बताया कि संस्थान ने इस दौरान काठमांडू में अस्थायी कार्यालय शुरू किया, जहां से भूकंप पीड़ित के दुर्गम क्षेत्रों में राहत पहुंचाने का कार्यक्रम शुरू किया गया। इस दौरान काठमांडू के पास बख्तपुर व ललितपुर क्षेत्र में राहत शिविर लगा सहायता पहुंचाई।

इसमें संस्थान के अनिल जांगिड़, पंकज शर्मा, दिलीप कुमार, दीपक शर्मा के सेवा देने के साथ ही नेपाली स्वयंसेवकों ने भी इस कार्य में अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि विगत 25 अप्रैल को नेपाल में 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप से 11 हजार से अधिक नेपाली नागरिक मारे गए थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों को घर से बेघर भी होना पड़ा था।

## महिला हिंसा के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से शनिवार को सांसी बस्ती, फरीदा बाग व दौराई गांव में महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हुई हिंसा और अत्याचार के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यशाला में महिला अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह, घरेलू हिंसा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम में 72 महिला व बालिकाएं शामिल हुई। संस्थान के मुख्य कार्यकारी दीपक शर्मा ने बताया कि रैली और कार्यशाला के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## महिला शक्ति अपनी क्षमता को पहचाने

**मांगलियावास**। कस्बे के माताजी के बाड़या में शनिवार को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के सौजन्य से महिला हिंसा के खिलाफ एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। युवा राम्देव डिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपनी क्षमता को पहचाने।।कार्यशाला में परियोजना अधिकारी शर्मा ने उपस्थित महिला शक्ति को महिला हिंसा, महिला उत्पीड़न, दहेज प्रथा ,बाल विवाह ,महिला अधिकार व मानवाधिकार के प्रति विस्तार से व्याख्या कर महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने महिलाओं को बताया कि उनके शोषण किए जाने पर संविधान में प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल कर अन्य महिलाओं को जागरूक करें। इससे समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा पर अंकुश लगाया जा सकेगा। कार्यशाला में वार्ड पंच मुन्ना लाल जाखड़, चंदू गोस्वामी व संस्थान के कार्यकर्ता अजहरुद्दीन आदि ने भाग लिया।




## निःशुल्क अंग्रेजी कोर्स व हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अजमेर। हाशिये पर मौजूद वंचित लड़कियों व महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गांव भवानीखेड़ा में तीस दिवसीय हैंडीक्राफ्ट कौशल प्रशिक्षण शिविर एवं स्कूली बच्चों के अंग्रेजी विकास के लिए तीस दिवसीय निःशुल्क अंग्रेजी कोर्स कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर का संचालन संस्थान स्वयं सेविका संचालन कुमारी सलोनी जैन द्वारा किया जा रहा है। संस्थान मुख्य कार्यकारी एसएन शर्मा के अनुसार एक माह तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में महिलाओं को राजस्थान परम्परागत हस्तकला जैसे बंदनवाद, सेरेमिक कल, वाल हैंगिंग, आदि बारीकिया सिखाई जाएगी। शुभारंभ के अवसर पर परियोजना समन्वयक संदीप शर्मा, प्रशांत पिंगोलिया, वार्ड पंच मुकेश, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित थे।

# बच्चों के साथ मनाया स्थापना दिवस

अजमेर, (विनीत लोहिया): चन्दबरदाई नगर स्थित राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान में अपना 23वां स्थापना दिवस लुहार बस्ती में अध्ययनरत स्कूल के गरीब बच्चों के साथ मनाया। संस्थान विगत 23 वर्षों से महिला सशक्ति करण, ग्रामीण विकास, पर्यावरण, आजीविका संवर्धन एवं बाल विकास, महिला स्वयं सहायता समूह, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिक्षा, कृषि और सामाजिक मुद्दों पर कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि दीपक शर्मा के नेतृत्व में लुहार बस्ती के बच्चों के साथ स्थापना दिवस मनाया। समारोह में केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से अजयनगर की लुहार



बस्ती और ब्यावर रोड की झुग्गी बस्ती में रहने वाले बच्चों के साथ क्रिसमस पर्व मनाया गया। बच्चों के साथ मनोरंजन गतिविधियों व खेलकद का आयोजन किया गया।



## अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

अजमेर। संयुक्त राष्ट्र संघ के दिशा निर्देश के अनुसार निकटवर्ती ग्राम मांगलियावास में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा "एक प्रभावी कदम लैंगिक समानता के लिए" विषय पर अर्न्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हर्षोउल्लास से किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लैगिंक समानता व महिला अधिकार जागरूकता महिला रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उपस्थित महिलाओं ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझाा किये। संस्थान प्रवन्ध निदेशक श्याम सुन्दर ने महिला दिवस कि उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं को स्मृति चिन्ह दिये गये। नारी शक्ति का पर्याय बनी 5 स्वरोजगारी महिलाओं को भी पुरस्कार से सम्मनित कर उनकी हौसला अफजाई कि गई। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा. के अनुसार प्रति वर्ष संस्थान नारी शक्ति के सम्मान में 8 मार्च को महिला दिवस का आयोजन करती हैं। कार्यक्रम में लगभग स्वयं सहायता समूह, आंगनबाडी कार्यकर्ता, संयुक्त देवता समूह व महिला स्वरोजगारी 400 महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ग्राम मांगलियावास सरपंच, उपसरपंच, ग्राम सेवक मास्टर प्रशिक्षक मीनू, आशा, अनिता, संस्थान कार्यकर्ता संदीप, प्रशान्त, दिपक, अजरूद्दीन आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

## हैण्डीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर

**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा बुधवार से लड़कियों व महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भवानीखेड़ा में 30 दिवसीय हैण्डीक्राफ्ट कौशल प्रशिक्षण शिविर एवं स्कूली बच्चों के अंग्रेजी कोर्स का शुभारम्भ किया गया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन स्वयंसेविका सलोनी जैन द्वारा किया जा रहा है। जिसमें बन्दनवाद, पेपर मेशी, सेरेमिक कल, वॉल हैंगिंग, डोर बेल बनाने की बारिकियां सिखाई जाएंगी।

# रैली निकाली

राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में लैंगिक समानता और महिला अधिकार जागरुकता पर रैली निकाली गई। प्रबंध निदेशक श्यामसुंदर ने महिला दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस दौरान मेहंदी, रंगोली, नृत्य, वाद-विवाद, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ आदि प्रतियोगिताएं हुईं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा, मीनू, आशा, अनिता, संदीप, प्रशान्त, दीपक आदि मौजूद थे।



राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा महिला दिवस पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता



नसीराबाद। भवानीखेड़ा में निःशुल्क हैण्डीक्राफ्ट आइटम शिविर में मौजूद संभागी। -शैलेन्द्र गोयल

## महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण

**नसीराबाद।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं को एक माह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मुकेश कुमार ने बताया कि भवानीखेड़ा में 35 महिलाओं एवं बालिकाओं को कॉर्डिनेटर संदीप शर्मा, सीईओ एस.एन. शर्मा के नेतृत्व में सोनाली जैन प्रशिक्षण दे रही है।

# बाल विवाह रोकने के लिए अभियान

**अजमेर|**राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा जिले में बाल विवाह की रोकथाम व जागरूकता के लिए रविवार को हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। लगभग 155 लोग इस अभियान का हिस्सा बने एवं बाल विवाह उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर व प्रतिज्ञा ली। इस कार्यक्रम का आयोजन निकटवर्ती किसान भवन में किया गया। विभिन्न राजनीतिज्ञ जनप्रतिनिधि बैंकर्स एवं अधिकारियों ने इस अभियान में सहयोग दिया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी के अनुसार समाज में हो रही सामाजिक कुरीतियों का अंत बाल विवाह, नाता प्रथा आदि पर रोक हो तथा समय के साथ बदलाव जरूरी है, क्योंकि कुरीतियां समाज की प्रगति का बाधक है। हमें इन कुरीतियों का त्याग करना होगा। इसी संदर्भ में महिलाओं एवं पुरुषों ने शपथ ली कि इन कुरीतियों का त्याग करेंगे। अभियान में हस्ताक्षर अभियान द्वारा इन कुरीतियों को त्यागने के लिए सहमति जताई। कार्यक्रम में संस्थान प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर ... प्रशांत आदि

**महिला अधिकार विषय पर संगोष्ठी :** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से किसान भवन कॉन्फ्रेंस हॉल में महिला अधिकार विषय पर संगोष्ठी एवं स्किल नेट के शुभारंभ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की सदस्य सचिव विजय लक्ष्मी ने शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि पार्षद रेखा पिंगोलिया व प्रधानमंत्री आवास योजना के राज्य समन्वयक जसप्रीत सिंह थे। अध्यक्षता संस्थान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने की। मुख्य अतिथि विजय लक्ष्मी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में बताया। संगोष्ठी में 142 महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया। कौशल विकास प्रशिक्षण में भाग लेने वाली 118 बालिकाओं व महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। स्वरोजगार व आजीविका विकास के लिए स्किल नेट अजमेर परियोजना का शुभारंभ बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक नीरज भटनागर व आईसीआईसीआई बैंक क्षेत्रीय प्रमुख अंशुमन जैसवाल ने किया।

## महिला अधिकार विषय पर कार्यशाला आज से

*अजमेर, (नेमीचंद तम्बोली): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा शनिवार से ब्यावर रोड स्थित किसान भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में दोपहर 1 बजे से महिला अधिकार विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन.शर्मा के अनुसार संस्थान द्वारा महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समय-समय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को इस मौके पर प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। कार्यशाला में विभिन्न जानकारियां प्रदान की जाएगी।*

**प्रमाण पत्र वितरित 7 से : राजस्थान समग्र** कल्याण संस्थान द्वारा 7 व 8 मई को दोपहर 1 बजे से किसान भवन ब्यावर रोड पर कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी महिलाओं व बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यशाला का आयोजन भी किया जाएगा।

## बाल विवाह उन्मूलन की ली प्रतिज्ञा

**अजमेर,(नेमीचंद तम्बोली):** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा जिले में होने वाले बाल विवाहकी रोकथाम व जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें 155 लोग अभियान का हिस्सा बने एवं बाल विवाह उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर कर प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का आयोजन ब्यावर रोड किसान भवन में किया गया। विभिन्न जनप्रतिनिधि बैंकर्स एवं अधिकारियों ने इस अभियान में सहयोग दिया।

संस्थान के मुख्य कार्यकारी के अनुसार समाज में हो रही सामाजिक कुरुतियों का अंत, बाल विवाह, नाता प्रथा आदि पर रोग हो तथा समय के साथ बदलाव जरूरी है। कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुरुषों ने शपथ ली कि हम इन कुरुतियों का त्याग करेंगे। कार्यक्रम में संस्थान प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर बाथाम, पंकज शर्मा, संदीप शर्मा, प्रशान्त आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाल विवाह उन्मूलन हस्ताक्षर अभियान

**अजमेर।** रविवार को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा जिले में होने वाले बाल विवाह की रोकथाम व जागरुकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

जिसमें 155 लोग इस अभियान का हिस्सा बने एवं बाल विवाह उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर एवं प्रतिज्ञा ली।

संस्थान के मुख्य कार्यकारी के अनुसार समाज में हो रही सामाजिक कुरीतियों का अंत, बाल विवाह, नाता, प्रथा आदि पर रोक हो तथा समय के साथ बदलाव जरुरी है। इस कार्यक्रम में संस्थान प्रबंध निदेशक श्याम सुंदर बाथाम, पंकज शर्मा, संदीप शर्मा, प्रशांत आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महिला अधिकार पर दो दिवसीय कार्यशाला 7 से

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से ब्यावर रोड स्थित किसान भवन में 7 व 8 मई को दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षणार्थी महिलाओं व बालिकाओं के लिए स्कील नेट ग्रुप' का शुभारम्भ एवं महिला अधिकार विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। साथ ही प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। साथ ही संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए समय-समय पर कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम (जैसे बेग मेकिंग, गारमेन्ट प्रशिक्षण, हैण्डीक्राफ्ट, ब्यूशियन प्रसिक्षण) आयोजित किए जाते हैं।

# बाल विवाह उन्मूलन हस्ताक्षर अभियान

अजमेर। रविवार को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा जिले में होने वाले बाल विवाह कि रोकथाम व जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग 155 लोग इस अभियान का हिस्सा बने एवं बाल विवाह उन्मूलन के लिए हस्ताक्षर व प्रतिज्ञा ली। इस कार्यक्रम का आयोजन निकटवर्ती किसान भवन मे किया गया। विभिन्न राजनितिज्ञ जनप्रतिनिधी, बैंकर्स एव अधिकारियो ने इस अभियान म सहयोग दिया।

संस्थान के मुख्य कार्यकारी के अनुसार समाज में हो रही सामाजिक कुरूतियो का अंत, बाल विवाह नाता प्रथा आदि पर रोक हो तथा समस के साथ बदलाव जरूरी हैं। क्योकि कुरूतियां समाज की प्रगती में बाधक हैं। हमें इन कुरूतियों का त्याग करना होगा। इसी संदर्भ मे महिलाओं एवं पुरूषों से शपथ ली की हम इन कुरूतियों का त्याग करेंगे। तथा अभियान में हस्ताक्षर अभियान द्वारा इन कुरूतियो को त्यागनें के लिए अपनी सहमति जताई।

इस कार्यक्रम में संस्थान प्रबंध निदेशक श्याम सुन्दर बाथाम, पंकन शर्मा, संदीप शर्मा, प्रशान्त आदि ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जागरुकता अभियान

अजमेर राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को भांवता, नूरियावास, आम्बा में महिला हिंसा उन्मूलन प्रोजेक्ट के तहत जागरुकता अभियान चलाया। दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के छात्र अतीक, लक्ष्य, अंकित, मानव, संदीप आदि ने नुक्कड नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को महिला हिंसा, बाल विवाह और अन्य कुरीतियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह और महिला हिंसा नहीं करने की शपथ दिलाई। संस्था प्रभारी एस.एन. शर्मा आदि मौजूद थे।



# नुक्कड़ नाटक में जागरूकता का संदेश दिया

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा गांव आम्बा, भावता, नूरियावास में महिला हिंसा उन्मूलन प्रोजेक्ट के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल-विवाह रोकथाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम में सभी ग्रामवासियों ने उत्साह से भाग लिया। संस्था प्रभारी एस एन शर्मा के अनुसार पं. दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी से प्रशिक्षण लेने आए विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाल-विवाह नहीं होने देने की शपथ दिलाई गई। दीपक, संदीप, प्रशांत द्वारा बाल-विवाह पर कानूनी जानकारी दी गई।

**संस्था की कार्यपद्धति को जाना :** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने किया। वे अलग-अलग गांवों में घूमे और संस्था की कार्यपद्धति को जाना। संस्था प्रभारी एसएन शर्मा ने बताया कि देश में चुने गए तीन संस्थानों में से राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एक है।

न्यूज इन बॉक्स

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने किया संस्था का अवलोकन



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे
ों महिला हिंसा रोकथाम बेटी बचाओं बेटी पढाओं, कन्या भ्रूण हत्या,
जगार कार्यक्रम, महिला स्वयं सहायता समूह जैसे कार्यों का निरीक्षण
ार्यों की सराहना की। प्रशिक्षुओं ने 5 (22 से 27) अगस्त तक अलग-
गाँवों का दौरा किया जिसमें भांवता सराधना, मांगलियावास प्रमुख थे
ही संस्था की कार्यप्रणाली को समझा व लाभार्थी से बातचीत की का
में बेहतर आजीविका के माध्यम का सराहा। संस्था प्रभारी एस ए
बताया कि भारत से तीन स्वयं सेवी संस्थाओं का चयन किया जिस

# महिलाओं व बालिकाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण

**अजमेर|** ग्राम सराधना व मांगलियावास में ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन व राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से चलाए जा रहे 30 महिलाओं व बालिकाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए 2 माह हैंडिक्राफ्ट प्रशिक्षण आर्य समाज भवन सराधना, 3 माह सिलाई हैंडिक्राफ्ट प्रशिक्षण आर्य समाज भवन सराधना व 3 माह सिलाई प्रशिक्षण आंगनबाड़ी केंद्र मांगलियावास में व्यावसायिक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के मुख्य कार्यकारी एसएन शर्मा के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की ओर अग्रसर हो रही है। इन महिलाओं को उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान मशीनें, कपड़ा, धागा, टूल किट, रेडिमेड गारमेंट एवं कच्चा माल निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के माध्यम से रोजगार के लिए बैंक से ऋण व प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

## जागरुकता अभियान

**अजमेर** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को भांवता, नूरियावास, आम्बा में महिला हिंसा उन्मूलन प्रोजेक्ट के तहत जागरुकता अभियान चलाया। दीनदयाल पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी के छात्र अतीक, लक्ष्य, अंकित, मानव, संदीप आदि ने नुक्कड नाटक का मंचन कर ग्रामीणों को महिला हिंसा, बाल विवाह और अन्य कुरीतियों की जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह और महिला हिंसा नहीं करने की शपथ दिलाई। संस्था प्रभारी एस.एन. शर्मा आदि मौजूद थे।



## महिलाओं की ओर से उत्पादित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी

**अजमेर**|ग्राम सराधना में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं एवं युवा बालिकाओं के लिए हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सराधना के पूर्व सरपंच मुकेश मंडावरिया व वार्ड पंच प्रभुलाल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएन शर्मा के अनुसार दो माह तक आयोजित प्रशिक्षण में 30 स्कूल ड्राप आउट व वंचित समुदाय की महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया।

**संस्था की कार्यपद्धति को जाना** : राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों का निरीक्षण आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने किया। वे अलग-अलग गांवों में घूमे और संस्था की कार्यपद्धति को जाना। संस्था प्रभारी एसएन शर्मा ने बताया कि देश में चुने गए तीन संस्थानों में से राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एक है।

## प्रदर्शनी का आयोजन

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेश
द्वारा ग्राम सराधना में महिलाओं व बालिकाओं के लिए चलाए जा र
हैण्डीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम में तैयार सामान की प्रदर्शनी लगाई ग
इस मौके पर पूर्व सरपंच मुकेश मण्डावरिया, प्रभुलाल, एस.एन. शर्
चन्दू गोस्वामी सहित अन्य उपस्थित थे।

### न्यूज इन बॉक्स

## ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने किया संस्था का अवलोकन



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे
ों महिला हिंसा रोकथाम बेटी बचाओं बेटी पढाओं, कन्या भ्रूण हत्या,
जगार कार्यक्रम, महिला स्वयं सहायता समूह जैसे कार्यों का निरीक्षण
ार्यों की सराहना की। प्रशिक्षुओं ने 5 (22 से 27) अगस्त तक अलग-
गाँवों का दौरा किया जिसमें भांवता सराधना, मांगलियावास प्रमुख थे
ही संस्था की कार्यप्रणाली को समझा व लाभार्थी से बातचीत की क
में बेहतर आजीविका के माध्यम का सराहा। संस्था प्रभारी एस ए
बताया कि भारत से तीन स्वयं सेवी संस्थाओं का चयन किया जिस

# महिलाओं व बालिकाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण

अजमेर| ग्राम सराधना व मांगलियावास में ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन व राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से चलाए जा रहे 30 महिलाओं व बालिकाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए 2 माह हैंडिक्राफ्ट प्रशिक्षण आर्य समाज भवन सराधना, 3 माह सिलाई हैंडिक्राफ्ट प्रशिक्षण आर्य समाज भवन सराधना व 3 माह सिलाई प्रशिक्षण आंगनबाड़ी केंद्र मांगलियावास में व्यावसायिक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के मुख्य कार्यकारी एसएन शर्मा के अनुसार प्रशिक्षण के माध्यम से महिला सशक्तीकरण की ओर अग्रसर हो रही है। इन महिलाओं को उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान मशीनें, कपड़ा, धागा, टूल किट, रेडिमेड गारमेंट एवं कच्चा माल निशुल्क उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के माध्यम से रोजगार के लिए बैंक से ऋण व प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# प्रतियोगिताओं का आयोजन

**अजमेर** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल वीविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में बालिकाओं और महिलाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान चम्मच रेस, चेयर रेस और अन्य प्रतियोगिता हुई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा ने बताया कि महिलाओं और बालिकाओं के लिए 2 माह का ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी है। महिलाओं को मेहन्दी, फेशियल और अन्य प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं को मशीन, धागा, टूल, किट, ब्यूटी पार्लर से संबंधित सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## कार्यों को सराहा



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा किए जा समाजसेवा के कार्यों का ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के प्रशिक्षुओं ने निरीक्षण किया। दल ने विभिन्न गांवों में चल रहे कार्यों को देखकर संस्थान की सराहना की। इस मौके पर संदीप, प्रशांत, दीपक, रवि सहित अन्य उपस्थित थे।

## महिलाओं का प्रशिक्षण शिविर

अजमेर, (विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में सराधना व मांगलियावास में महिलाओ/ छात्राओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। मुख्य कार्यकारी एस एन शर्मा के अनुसार इसमें 30 स्कूल छोड़ चुकी महिलाओ/ बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कोर्स चल रहे हैं। प्रशिक्षण के बारे में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के दौरान मशीने कपड़ा, धागा, टूल किट, रेडीमेड गारमेंट, कच्चा माल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।

## बाल विवाह की रोकथाम का लिया संकल्प

अजमेर, (विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा सुभाष नगर में बाल विवाह की रोकथाम व जागरूकता के लिए हस्ताक्षर व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भारी संख्या में महिलाओं ने इस हेतु संकल्प लिया। संस्था के प्रवक्ता एस एन शर्मा के अनुसार अभियान में सौ से अधिक महिलाओं ने भागीदारी निभाई और बाल विवाह न करवाने का प्रण लिया। साथ ही सामाजिक कुरीतियों कन्या भ्रूण हत्या, महिला हिंसा इत्यादि पर रोक लगे एवं समय के साथ बदलाव हो का भी संकल्प लिया।

## प्रशिक्षण का समापन



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा सुन्दरनगर में संचालित दो माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने प्रशिक्षण के तहत हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए जॉब फेयर

*अजमेर, (विनीत लोहिया) : राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउण्डेशन के तत्वावधान में सुन्दर नगर में संचालित ब्यूटी पार्लर व्यवसायिक प्रशिक्षण शिविर में जॉब फेयर का आयोजन किया गया। संस्थान के सीईओ एस एन शर्मा के अनुसार इसमें भारी संख्याओं में महिलाओं ने भाग लिया।*

## हस्ताक्षर अभियान से किया जागरूक

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा सुभाषनगर में बाल विवाह रोकथाम व जागरूकता के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हस्ताक्षर कर बाल विवाह, भ्रूण हत्या, महिला हिंसा रोकने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा, दीपक, संदीप सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्वरोजगार से जुड़ेंगी ड्रॉपआउट बालिकाएं

**अजमेर|** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा स्कूल ड्रापआउट गरीब महिलाओं व बालिकाओं के लिए सुंदर नगर में निशुल्क व्यवसायिक कोर्स ब्यूटी पार्लर का आयोजन होगा। प्रशिक्षण से पूर्व इन महिलाओं का सर्वे कर चयन किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएन शर्मा के अनुसार ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# महिलाओं की ओर से उत्पादित हैंडीक्राफ्ट प्रदर्शनी

**अजमेर|**ग्राम सराधना में राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के माध्यम से महिलाओं एवं युवा बालिकाओं के लिए हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सराधना के पूर्व सरपंच मुकेश मंडावरिया व वार्ड पंच प्रभुलाल ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनएन शर्मा के अनुसार दो माह तक आयोजित प्रशिक्षण में 30 स्कूल ड्राप आउट व वंचित समुदाय की महिलाओं व बालिकाओं ने भाग लिया।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान

मांगलियावास में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
**अजमेर.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में मांगलियावास में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ
हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। समन्वयक दीपक शर्मा ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान
की जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बेटियों को
पढ़ाने के बारे में बताया। पुरुषों और महिलाओं ने हस्ताक्षर कर बेटियों के संरक्षण का आह्वान किया।

पोस्टल रजि. न. आरजे / एजे /26/2016-20

tter.com/patrikaraj

# प्रशिक्षणार्थियों के लिए जॉब फेयर

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान और ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में महिला प्रशिक्षणार्थियों के लिए जॉब फेयर का आयोजन हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि इसमें सुचित्रा, नेहा वारसी, खुश्बू और अन्य ने भाग लिया। प्रशिक्षणार्थी महिलाओं के साक्षात्कार लेकर उनके बायोडाटा लिए गए। तीन महिलाओं को मौके पर रोजगार प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर पायल वैष्णव, समन्वयक संदीप शर्मा, दीपक शर्मा और अन्य ने सहयोग दिया।

# उड़ान का शुभारंभ

**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा बच्चों व महिलाओं के लिए पाठशाला उड़ान का शुभारंभ किया गया। एस.एन. शर्मा ने बताया कि पाठशाला के माध्यम से महिलाओं को शिक्षित किया जाएगा। पाठशाला का शुभारंभ भावता सरपंच गिरधारी सिंह द्वारा किया गया।



**उड़ान नाम से पाठशाला शुरू :** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा भांवता में उड़ान नाम से पाठशाला शुरू की। जिसका उद्घाटन भांवता सरपंच गिरधारी सिंह व पंच मुरली ने किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा ने बताया कि इस विद्यालय में ग्रामीण बच्चों को शिक्षा मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा व दीपक शर्मा ने किया।

# हस्ताक्षर अभियान

**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा ग्राम मांगलियावास में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। समन्वयक दीपक शर्मा ने ग्रामीणों को बालिका शिक्षा के महत्त्व की जानकारी दी। एस.एन. शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बेटी बचाने, बेटी पढ़ाने के लिए किए हस्ताक्षर



**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान द्वारा शुक्रवार को मांगलियावास गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें लगभग 50 महिला व पुरुषों ने भाग लेकर हस्ताक्षर किए। समन्वयक दीपक शर्मा ने अभियान पर जानकारी दी तथा ग्रामवासियों को कार्यशाला के माध्यम से जागरूक किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएन शर्मा के अनुसार गांव-गांव में जाकर कन्या भ्रूण हत्या जैसी घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

# सिलाई प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**मांगलियावास।** ग्राम अर्जुनपुरा जागीर में मंगलवार को राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान की ओर से सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ता बलवीर सिंह गौड़ ने बताया कि गारमेंट्स परिधान व्यवसायिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 माह तक चलेगा। एनजीओ के सदस्य संदीप शर्मा व सलीम ने बताया कि एकेडमी की ओर से महिलाओं को 30 सिलाई मशीन वितरित की गई। इस दौरान दुर्गेंद्र सिंह गौड़, विजय सिंह, बुधसिंह, भगवानसिंह, भैरूसिंह, पूर्व प्रधानचार्य करण सिंह राठौड़, किरण कंवर, अनिता कंवर, आशा, मंजू देवी मौजूद थी।

# पाठशाला व उड़ान का उद्घाटन

**अजमेर @ पत्रिका.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के तत्वावधान में बच्चों व महिलाओं के लिए पाठशाला व उड़ान नाम से स्कूल की शुरुआत की गई। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा ने बताया कि गांव को शिक्षित करने के लिए लक्ष्य से छोटे बच्चों के लिए पाठशाला व महिलाएं जो शिक्षा से वंचित हैं उनको उड़ान के माध्यम से शिक्षित करना लक्ष्य है। कार्यक्रम का उद्घाटन भांवता सरपंच गिरधारी सिंह व वार्ड पंच मुरली ने किया।



## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान

**अजमेर.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में मांगलियावास में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। समन्वयक दीपक शर्मा ने लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी दी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा ने कन्या भ्रूण हत्या को रोकने, बेटियों को पढ़ाने के बारे में बताया। पुरुषों और महिलांओं ने हस्ताक्षर कर बेटियों के संरक्षण का आह्वान किया।



# ब्यूटी पार्लर कोर्स का समापन

**अजमेर.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन की ओर से सुंदरनगर में आयोजित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन संस्थान प्रोजेक्ट कॉडिनेटर दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। संस्थान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा के अनुसार 30 ड्रॉप आउट बालिकाओं को मेहंदी और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका, द्वितीय ममता और तृतीय स्थान निशा रही।

# प्रशिक्षण का समापन



अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा सुन्दरनगर में संचालित दो माह के ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन मंगलवार को हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस.एन. शर्मा ने प्रशिक्षण के तहत हुए कार्यक्रम की जानकारी दी। कार्यक्रम में मेहंदी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# महिलाओं का हेंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शुरु

अजमेर, (विनीत लोहिया): राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में लामाना ग्राम में गुरुवार से स्कूल ड्रॉप आउट छात्राओं एवं महिलाओं के लिए हेंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में भारी संख्या में छात्राएं, महिलाएं भाग ले रही है। प्रवक्ता एस एन शर्मा के अनुसार शिविर का शुभारंभ सरपंच मोगासिंह एवं नरेन्द्र ने किया। इस शिविर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डोरबेल, दिया व थाली, तिलक, बांदरवाल घड़ी जैसे विभिन्न प्रकार के नवनिर्मित एवं अनेकों प्रकार के हेंडीक्राफ्ट के आइटम बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## सार-समाचार



### हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को स्कूल ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए गांव लामाना में हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। संस्थान के सीईओ एस.एन.शर्मा ने बताया कि शिविर का उद्घाटन सरपंच मोगा सिंह ने किया।

### संस्थान द्वारा पाठशाला व उड़ान का उदघाटन

अजमेर। राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों एवं महिलाओं के लिए पाठशाला व उड़ान नाम से स्कूल की शुरूआत की गयी। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा जी के अनुसार संस्था द्वारा प्रत्येक गाँव को शिक्षित करने के लक्ष्य से छोटे बच्चों के लिए पाठशाला व महिलाओं जो शिक्षा से वंचित रह गयी हैं उनके लिए उड़ान के माध्यम से शिक्षित करना व संस्था का लक्ष्य हैं सभी महिलाओं को 8वीं पास कराकर शिक्षित करना व उनके भविष्य को उज्जवल करना पाठशाला के माध्यम से छोटे बच्चों को शिक्षा देकर उनके आने वाले भविष्य को सफल बनाना साथ ही उड़ान के माध्यम से वे महिलाये जो शिक्षा से वंचित रहं चुकी उनको उड़ान के माध्यम से 8वी पास कराकर उनके बेहतर कल की और एक कदम बढ़ाना।

कार्यक्रम का उदघाटन भावता सरपंच गिरधारी सिंह जी व वार्ड पंच मुरली जी के द्वारा भावता में किया गया साथ ही [illegible] महिलाओं व बच्चों को लाभांवित कि[illegible] संस्था मे कार्यक्रम का संचालन संदीप शर्मा व [illegible] शर्मा [illegible] की शिक्षक नातू व उड़ान [illegible] संस्थान [illegible] का योगदान सराहनीय रहा।

# महिलाओं के लिए स्कूल उड़ान का हुआ संचालन

अजमेर (विनीत लोहिया): चन्दबरदाई नगर स्थित राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान के तत्वावधान में पीसांगन ब्लॉक के आदर्श ग्राम भांवता में महिलाओं के लिए स्कूल उड़ान का संचालन किया जा रहा है। इसमें महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने और उनके बेहतर भविष्य बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। संस्था के प्रवक्ता एस एन शर्मा के अनुसार ग्राम भांवता में स्कूल उड़ान के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है जहां अलग-अलग गांवों में उन महिलाओं को शिक्षा से जोड़ना और उनके बेहतर भविष्य बनाने के प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि संस्था के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अशिक्षित महिलाओं को सरल माध्यम से साक्षर करके माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से आठवीं कक्षा की परीक्षा दिलवाकर अंकतालिका प्रदान करवाना है। संस्था की ओर से निःशुल्क शिक्षण सामग्री गरीब महिलाओं को दी जा रही हैं।

# ब्यूटी पार्लर कोर्स का समापन

**अजमेर.** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन की ओर से सुंदरनगर में आयोजित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण शिविर का समापन संस्थान प्रोजेक्ट कॉडिनेटर दीपक शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। संस्थान मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस. एन. शर्मा के अनुसार 30 ड्रॉप आउट बालिकाओं को मेहंदी और ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण दिया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राधिका, द्वितीय ममता और तृतीय स्थान निशा रही।

## हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ

**अजमेर|** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान एवं ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन की ओर से स्कूल ड्रॉप आउट बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए हैंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण का शुभारंभ गांव लामाना में किया गया। संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एस एन शर्मा ने बताया कि इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन अलग-अलग गांव में आयोजित कर बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार उपलब्ध करना है। प्रशिक्षण में डोर बेल, दिया थाली, तिलक, बांदरवाल, घड़ी जैसे कई प्रकार के नवनिर्मित व अनेक प्रकार के हैंडीक्राफ्ट के आइटम बनाने सिखाए जाएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन सरपंच मोगा सिंह व नरेंद्र ने किया।

## सार-समाचार

### महिलाएं हो रही हैं साक्षर



**अजमेर।** राजस्थान समग्र कल्याण संस्थान व ग्लोबल गिविंग फाउंडेशन द्वारा आदर्श ग्राम भांवता में स्कूल उड़ान के तहत महिलाओं को साक्षर किया जा रहा है। संस्था के एस.एन. शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत महिलाओं को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।